फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
निगमन कार्यालय
इक्विपमेंट चौक, सेन्ट्रल एवेन्यू
पोस्ट बॉक्स क्र.37, भिलाई–490001(छत्तीसगढ)
दूरभाषः 0788–2222474 / 2222475

## आवश्यकता है

*फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड, भारत सरकार का एक एक मिनी रत्न–2 कंपनी है जो ग्राहक संयंत्रों को स्क्रैप रिकव्हरी एवं प्रोसेसिंग के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट सेवाएं प्रदान करती है। एफएसएनएल की शाखाएं राउरकेला, बर्नपुर, भिलाई, बोकारो, विशाखापट्टणम, दुर्गापुर, सेलम, हजीरा तथा हैदराबाद में स्थित हैं एवं कंपनी का निगमन/पंजीकृत कार्यालय भिलाई(छत्तीसगढ) मे है। कंपनी को **''संचालन'', अनुरक्षण(यांत्रिकी एवं विद्युतीय)'', ''सामग्री प्रबंधन'', ''कार्मिक एवं प्रशासन्'' तथा ''वित्त एवं लेखा''** आदि विभागों में अधिकारी वर्ग की आपूर्ति हेतु नियत शर्तों के साथ संविदा पर एक वर्ष की अवधि के लिए अनुभवी उम्मीदवारों की तलाश है। संविदा की अवधि को, संचालनीय आवश्यकताओं और संतोषप्रद कार्य के आधार पर, अधिकतम पांच वर्षों के लिए (एक बार में एक वर्ष) बढाया भी जा सकता है, और ऐसी बढी हुई अवधि में प्रारम्भिक एकमुश्त वेतन पर 10 प्रतिशत प्रतिवर्ष की वृद्धि दी जाएगीः–*

पद/वेतनमान/अनुभव मानदंड एवं आयु

| पद | रिक्ति | एकमुश्त वेतन(रु.) प्रतिमाह | अनुभव | आयु दिनांक 31.12.20 को |
|---|---|---|---|---|
| ''संविदा आधार पर कनिष्ठ प्रबंधक (संचालन)'' | 8 | 40,000/– | अर्हता के पश्चात डिग्री धारकों के लिए 3 वर्ष एवं अधिक तथा डिप्लोमा धारकों के लिए 6 वर्ष एवं अधिक का अनुभव। | 30 वर्ष से कम |
| ''संविदा आधार पर कनिष्ठ प्रबंधक (अनुरक्षण)मैकेनिकल<br>''संविदा आधार पर कनिष्ठ प्रबंधक (अनुरक्षण)इलेक्ट्रिकल'' | 2<br>4 | 40,000/– | अर्हता के पश्चात डिग्री धारकों के लिए 3 वर्ष एवं अधिक तथा डिप्लोमा धारकों के लिए 6 वर्ष एवं अधिक का अनुभव। | 30 वर्ष से कम |
| ''संविदा आधार पर कनिष्ठ प्रबंधक (सामग्री प्रबंधन)'' | 3 | 40,000/– | अर्हता के पश्चात 3 वर्ष एवं अधिक का अनुभव, जिसमें न्यूनतम 1 वर्ष के लिए रु.30,000/– के मूल वेतन पर कार्य किया होना चाहिए। | 30 वर्ष से कम |
| ''संविदा आधार पर कनिष्ठ प्रबंधक (वित्त एवं लेखा)'' | 6 | 40,000/– | अर्हता के पश्चात 3 वर्ष एवं अधिक का अनुभव, जिसमें न्यूनतम 1 वर्ष के लिए रु.30,000/– के मूल वेतन पर कार्य किया होना चाहिए। | 30 वर्ष से कम |
| ''संविदा आधार पर कनिष्ठ प्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन)<br>अथवा<br>संविदा आधार पर सहायक प्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन)'' | 2 | 40,000/–<br><br>50,000/– | अर्हता के पश्चात 3 वर्ष एवं अधिक का अनुभव, जिसमें न्यूनतम 1 वर्ष के लिए रु. 30,000/– के मूल वेतन पर कार्य किया होना चाहिए।<br><br>अर्हता के पश्चात 4 वर्ष एवं अधिक का अनुभव, जिसमें न्यूनतम 1 वर्ष के लिए रु. 40,000/– के मूल वेतन पर कार्य किया होना चाहिए। | 30 वर्ष से कम<br><br>34 वर्ष से कम |

क्रमशः..2..

| पद | रिक्ति | एकमुश्त वेतन(रु.) प्रतिमाह | अनुभव | आयु दिनांक 31.12.20 को |
|---|---|---|---|---|
| "संविदा आधार पर सहायक महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) | 1 | 90,000/– | अर्हता के पश्चात 14 वर्ष एवं अधिक का अनुभव, जिसमें न्यूनतम 1 वर्ष के लिए रु. 80,000/– के मूल वेतन पर कार्य किया होना चाहिए। | 52 वर्ष से कम |

<u>अर्हता मापदंड</u>

| वर्ग | योग्यता | अनुभव का क्षेत्र |
|---|---|---|
| **संचालन** | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ यूजीसी/ एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा प्रणाली द्वारा मैकेनिकल/ इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रानिक्स/माईनिंग/ मेटलर्जिकल/ प्रोडक्शन अभियांत्रिकी में स्नातक की उपाधि।<br><br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ प्रख्यात संस्थन/ यूजीसी/ एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा प्रणाली द्वारा उपरोक्त विषयों में डिप्लोमा धारी भी आवेदन कर सकते हैं। | किसी बांध/सिंचाई में प्रयुक्त मेकेनाईज्ड अर्थमूविंग वर्क एवं/अथवा अभियांत्रिकीय निर्माण परियोजना अथवा ओपन कॉस्ट मेकेनाईज्ड मेटेलिक–फेरस माईन्स अथवा मेटलर्जिकल प्रोसेस उद्योग में कार्यों की प्रत्यक्ष देखरेख का कार्य अनुभव। अर्थ मूविंग इक्विपमेंट के संचालन एवं अथवा दुरुस्ती व अनुरक्षण का अनुभव तथा मशीनों के सर्वोत्तम उपयोगिता का समुचित ज्ञान। विशाल जनबल नियोजित उद्योग में माल परिवहन एवं समय पालन संकायों के निरीक्षण के क्षेत्र में अनुभव अतिरिक्त लाभप्रदता हो सकती है। |
| **मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल अनुरक्षण** | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ यूजीसी/ एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा प्रणाली द्वारा मैकेनिकल/ ऑटोमोबाईल/ इलेक्ट्रिकल / इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी में स्नातक की उपाधि।<br><br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ प्रख्यात संस्थन/ यूजीसी/ एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा प्रणाली द्वारा उपरोक्त विषयों में डिप्लोमा धारी भी आवेदन कर सकते हैं। | डोज़र, पे–लोडर, हाईड्रालिक एक्सकवेटर आदि भारी थलगत वाहनों, डम्पर, बेल्ट कन्वेयर प्रणाली जैसे वृहत मालवाहक वाहनों/ उपकरणों की संपूर्ण जांच/मरम्मत/अनुरक्षण का कार्य अनुभव। 100 टन क्षमता वाले ड्रैगलाइन क्रेन का ज्ञान अतिरिक्त लाभप्रदता होगी।<br><br>एचटी/एलटी पावर सोर्स, ईओटी क्रेन, क्रशर, स्क्रीन, कन्वेयर आदि युक्त मटेरियल हैंण्डलिंग प्लांट एवं सभी प्रकार के थलगत उपकरणों की दुरुस्ती एवं अनुरक्षण की जिम्मेदारी के साथ कार्य अनुभव, इलेक्ट्रिकल अनुरक्षण के लिए अनिवार्य है। |
| **सामग्री प्रबंधन** | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ प्रख्यात संस्थान/यूजीसी/ एआईसीटीआई द्वारा अनुमोदित मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा प्रणाली द्वारा किसी भी विषय में स्नातक तथा सामग्री प्रबंधन/ लाजिस्टिक्स/ सप्लाई चेन मेनेजमेंट/ मार्केटिंग/ इंटरनेशनल ट्रेड में विशेषज्ञता के साथ न्यूनतम दो वर्ष का एमबीए/ मैनेजमेंट में पीजी डिप्लोमा। | किसी उद्योग/परियोजना में पूंजीगत सामग्रियों की खरीद (भारी थलगत मशीनें भी शामिल) एवं राजस्व सामग्रियां, यथा, इंजिनियरिंग स्टोर्स, स्पैर्स व कन्स्यूमेबल्स, एवं/ अथवा इंजिनियरिंग स्टोर्स एवं स्पैर्स की स्टोरकीपिंग। स्टोर्स एवं परचेस के संयुक्त अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी। सामग्रियों की जांच तथा ग्राहक/सहायक विकास के क्षेत्र में अनुभव वांछनीय है। |

क्रमशः..3..

| वर्ग | योग्यता | अनुभव का क्षेत्र |
|---|---|---|
| **वित्त एवं लेखा** | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/प्रख्यात संस्थान/ यूजीसी/ एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा प्रणाली द्वारा सीए/आईसीएमए/एमबीए(वित्त) की उपाधि। | वित्त व लेखा कार्यों का ज्ञान जैसे, वित्तीय लेखा प्रणाली, लागत लेखा प्रणाली, बजट व बजट नियंत्रण, आंतरिक लेखा परीक्षण, आयकर, अप्रत्यक्ष कर कानून, मजदूरी एवं वेतन प्रबंधन, कय एवं भण्डार संबंधी वित्तीय अनुमोदन, कम्प्यूटरीकृत लेखा प्रणाली आदि में कार्यानुभव लाभकारी होगी। |
| **कार्मिक एवं प्रशासन्** | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/प्रख्यात संस्थान/ यूजीसी/एआईसीटीआई द्वारा अनुमोदित मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा प्रणाली माध्यम से मानव संसाधन प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ दो वर्ष का एमबीए अथवा पीजीडीबीए अथवा श्रम व सामाजिक कल्याण में स्नातकोत्तर डिग्री, अथवा कार्मिक प्रशासन में दो वर्ष का डिप्लोमा। किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ प्रख्यात संस्थान/यूजीसी/एआईसीटीआई द्वारा अनुमोदित मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा प्रणाली माध्यम से समाज–शास्त्र में एमए।<br><br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ प्रख्यात संस्थान/ यूजीसी/ एआईसीटीआई द्वारा अनुमोदित मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा प्रणाली माध्यम से विधि(कानून) की डिग्री अतिरिक्त लाभप्रद होगी। | मानव संसाधन क्षेत्र में पर्याप्त अनुभव/ज्ञान, कन्सिलिएशन प्रोसीडिंग्स हैडलिंग व विभिन्न शासकीय मशीनरियों के समक्ष प्रबंधन का प्रतिनिधित्व/निपुण सामूहिक सौदाकारी के साथ विविध श्रमिक संगठनों के साथ व्यवहार, तथा सेवा संस्थानों/उद्योगों से संबंधित आधुनिक व प्रासंगिक श्रम कानूनों/ निर्णयनों/ निर्णित फैसले आदि की अद्यतन जानकारी हो, तथा अनुशासनात्मक कार्यवाहियों से संबंधित समुचित ज्ञान हो। ग्रीवान्स हैन्डलिंग का अनुभव/ज्ञान अतिरिक्त लाभप्रद होगी। |

<u>सामान्य</u>

1. ऊपर उल्लेखित एकमुश्त वेतन के अलावा, संविदा कर्मचारी को निर्धारित परिवहन राशि के रूप में रु.1500/– प्रतिमाह का भुगतान किया जाएगा।

2. संविदा कर्मचारी, कंपनी के नियमानुसार अंशदायी प्राविडेंट फन्ड के पात्र होंगे।

3. कंपनी कार्य से कार्यालयीन दौरे में जाने पर संविदा कर्मचारी, कंपनी के नियमानुसार यात्रा–भत्ता के पात्र होंगे।

4. संविदा कर्मचारी, संविदा अवधि के 12 माहों में अपने और अपने आश्रित पारिवारिक सदस्यों की चिकित्सा पर होने वाले खर्चों की प्रतिपूर्ति के पात्र होंगे, जो उनके एक माह के निर्धारित एकमुश्त वेतन की राशि तक सीमित होगी। आश्रित पारिवारिक सदस्यों के संबंध में सूचना कंपनी के विहित प्रपत्र में देनी होगी।

5. संविदा कर्मचारी, कंपनी के नियमानुसार यथानुपात आकस्मिक अवकाश एवं ऐच्छिक अवकाश के पात्र होंगे, तथा प्रति 20 दिन के कार्य पर 1 दिन के अर्जित अवकाश के पात्र होंगे।

कमशः..4..

6. संविदा नियुक्ति पर, किसी दुर्घटना / अप्रिय घटना के निवारण हेतु संविदा कर्मचारी कंपनी के सामूहिक बीमा योजना के दायरे में समाहित होंगे।

7. इनस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटंट्स ऑफ इण्डिया (आईसीएआई) तथा इनस्टिट्यूट ऑफ कॉस्ट एण्ड मैनेजमेंट एकाउंटंट्स ऑफ इण्डिया (आईसीएमए) द्वारा आयोजित परीक्षाओं के अंतिम परिक्षा उत्तीर्ण करने वालों को छोड़कर, विभिन्न पदो के लिए उल्लेखित डिग्री/डिप्लोमा परीक्षाओं में प्राप्तांक न्यूनतम 60 प्रतिशत होनी चाहिए।

8. सभी शैक्षणिक अर्हताएं मान्य विश्वविद्यालय/संस्थान/यूजीसी/एआईसीटीआई द्वारा अनुमोदित मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा प्रणाली की ही होनी चाहिए। विज्ञापन में वांछित योग्यता के समकक्ष योग्यता जैसे दावे पर विचार नही किया जाएगा।

9. अनु.जाति/जनजाति/अ.पि.व./अल्प आय वर्ग (ईडब्ल्यूएस)/दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए पदों का आरक्षण, सरकार के नीति–निर्देशों के अनुसार होगा, तथा अनु.जाति/जनजाति के उम्मीदवारों को आयु सीमा में 5 वर्ष, अन्य पिछडे वर्ग के लिए 3 वर्ष तथा विकलांग के लिए 10 वर्ष की शिथिलता दी जाएगी।

10. उम्मीदवारों को अनिवार्य रूप से अनुसूचित जाति/जन जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/अल्प आय वर्ग/दिव्यांग, इनमें से जो भी लागू हो, के संबंध में सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना होगा।

11. उम्मीदवारों को अपनी योग्यता, अनुभव एवं विवरणात्मक वर्तमान आय के पुष्टीकरण हेतु तत्संबंधी प्रमाण–पत्रों/कागजातों की छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करनी होगी।

12. अनुभव/योग्यता का अभिकलन, विज्ञापन में आवेदन हेतु दर्शाए गये अंतिम तिथि के आधार पर होगा। परिणाम घोषित होने की तिथि/मार्कशीट जारी होने की तिथि ही योग्यता अर्जित करने की तिथि मानी जाएगी।

13. बिना किसी सूचना एवं बिना कोई कारण बताए, आवश्यकतानुसार इस संविदा नियुक्ति की प्रकिया को निरस्त करने/सीमित करने/घटाने का अधिकार कंपनी के पास सुरक्षित है।

14. पद स्थापना का स्थान एफएसएनएल की कोई भी इकाई/कार्यालय/परियोजना होगी।

15. वर्तमान में सरकारी/सार्वजनिक उपकमों में कार्यरत उम्मीदवारों को अपना आवेदन अपने वर्तमान नियोजक के माध्यम से भिजवाना है, अथवा साक्षात्कार के समय ''अनापत्ति प्रमाण–पत्र'' प्रस्तुत करना है।

16. केवल पात्र उम्मीदवार ही लिखित परीक्षा/साक्षात्कार हेतु बुलाए जाएंगे।

17. निजी संस्थानों के उम्मीदवारों के लिए, निश्चित वेतनमान की अनुपलब्धता की दशा में, आय के आंकलन में समरूपता हेतु गणना, संबंधित उम्मीदवार के वर्तमान वार्षिक सीटीसी के आधार पर किया जाएगा :–

कनिष्ठ प्रबंधक के लिए(ई–1 ग्रेड): न्यूनतम रु. 6.60 लाख(निकटतम निचले ई–0 ग्रेड की सीटीसी)
सहायक प्रबंधक के लिए(ई–2 ग्रेड): न्यूनतम रु. 8.81 लाख(निकटतम निचले ई–1 ग्रेड की सीटीसी)
सहायक महा प्रबंधक के लिए(ई–6 ग्रेड): न्यूनतम रु.17.62 लाख(निकटतम निचले ई–5 ग्रेड की सीटीसी)

कमशः..5..

18. साक्षात्कार हेतु बुलाए गए बाहरी स्थानों के उम्मीदवारों को यात्रा संबंधी आवश्यक प्रमाण उपलब्ध कराने पर, निकटतम मार्ग से आने–जाने का एसी–3 श्रेणी का एकल रेल किराया प्रदान किया जाएगा।

19. किसी भी पद के लिए आवेदन प्रस्तुत करते समय आवेदक यह सुनिश्चित कर ले कि इंगित तिथि को वह उपरोक्त वांछित पात्रता एवं अन्य मानदंडों की पूर्ति करता/करती है, एवं उसके द्वारा प्रस्तुत समस्त विवरण पूर्ण रूप से सही हैं। भर्ती प्रकिया के किसी भी स्तर पर यदि यह ज्ञात होता है कि उम्मीदवार वांछित पात्रता मानदंडों को पूरा नही करता/करती है एवं/अथवा उसके द्वारा गलत/मिथ्या सूचना प्रदान किया गया है अथवा उसके द्वारा किसी तथ्य को छिपाया गया है, तो ऐसी स्थिति में उसकी उम्मीदवारी स्वतः निरस्त हो जाएगी। उपरोक्त कोई भी त्रुटि संविदा नियुक्ति के पश्चात भी यदि उजागर होती हैं, तो बिना किसी सूचना के उस उम्मीदवार की संविदा नियुक्ति खंडित की जा सकेगी।

## आवेदन कैसे भरें

आवेदन एक सादे ए–4 आकार के कागज पर ऊपर दांई ओर उम्मीदवार के वर्तमान पासपोर्ट आकार का छायाचित्र लगाकर इस प्रारूप में भिजवाना हैः– (1) आवेदित पद का नाम (2) आवेदक का नाम (सुस्पष्ट बडे अक्षरों में), (3) पिता का नाम (4) जन्म तिथि एवं दिनांक 31.12.2020 को आयु (5) श्रेणी (अनु. जाति/जनजाति/अ.पि.व./अल्प आय वर्ग / दिव्यांग/सामान्य), (6) संपर्क हेतु दूरभाष एवं ई–मेल (यदि हो) के साथ वर्तमान पता (7) स्थाई पता (8) शैक्षणिक/व्यावसायिक योग्यता निम्नलिखित प्रारूप में:–

| परीक्षा उत्तीर्ण | संस्था / विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण करने की तिथि | वर्ग/श्रेणी | प्रतिशत अंक |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

(9)पूर्व एवं वर्तमान अनुभव का विवरण

| संस्था का नाम नाम | पद | ...से/... तक | कार्य का विवरण | मूल वेतन एवं वेतनमान के साथ कुल मासिक आय अथवा सीटीसी ब्रेक–अप के साथ |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

(10) क्या वर्तमान में निजी/सरकारी/सार्वजनिक उपकम में कार्यरत हैं
(11) आवेदक का हस्ताक्षर एवं दिनांक

एक लिफाफे पर आवेदित पद स्पष्ट रूप से अंकित करते हुए आवेदन को किसी शेड्युल्ड बैंक का ''फेरो स्कैप निगम लिमिटेड'' के नाम भिलाई में देय रु.500/– मात्र के रेखांकित डिमाण्ड ड्राफ्ट् (अनु.जा/ज.जा./दिव्यांग उम्मीदवारो के लिए माफ) के साथ उप–महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन्)/विधि, फेरो स्कैप निगम लिमिटेड, पोस्ट बॉक्स क.37, एफएसएनएल भवन, इक्विप्मेंट चौक, सेन्ट्रल एवेन्यू, भिलाई, 490001, जिलाः दुर्ग (छत्तीसगढ) के पते पर दिनांक 20.02.2021 तक केवल डाक द्वारा भेजा जाए। कोरियर अथवा ई–मेल द्वारा प्रेषित आवेदन स्वीकार्य नही हैं। अपूर्ण आवेदन सीधे अस्वीकृत हो जाएंगे। आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के पश्चात कोई आवेदन स्वीकार नही किए जाएंगे, एवं ऐसे आवेदन लौटा दिए जाएंगे। डाक द्वारा विलंब के लिए हमारी कोई जवाबदारी नही होगी।
आवेदन पूर्णतः उपरोक्त प्रारूप में ही होना चाहिए, तथा किसी प्रकार की सिफारिश पर उम्मीदवार अपनी पात्रता खो देंगे।
पात्रता, परीक्षा एवं चयन संबंधी सभी प्रकरणों में एफएसएनएल का निर्णय अंतिम एवं सभी उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा। इस संबंध में किसी भी प्रकार का अभिवेदन/ पत्राचार स्वीकार्य नही होंगे। किसी भी प्रकार के विवाद के लिए न्यायाधिकार, दुर्ग(छत्तीसगढ) में होगी।

आप हमारा वेबसाईट "**www.fsnl.nic.in**" भी देख सकते हैं।